# 38 अड़तीसवाँ अध्याय

## 38.1 Permissive Verbalkonstruktionen

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपकी ज़िंदगी में कभी बहुत बड़ा बदलाव आया ?

**(b) Paraphrasieren Sie diese Ausdrücke auf Hindi.**

| | | |
|---|---|---|
| दोस्तों से मिलना | खाना खाना | कहीं घूमना |
| बाहर फ़िल्म देखना | आराम करना | चैन से सोना |

**(c) *Was könnte das sein?* – Bilden Sie Sätze nach dem Beispiel.**

जब से ज़िंदगी में आया है, तब से ...
हमें वह कुछ भी *करने* नहीं *देता* है।

वह हमें दोस्तों से __________ नहीं __________ ।
वह हमें बाहर फ़िल्म __________ नहीं __________ ।
वह हमें कहीं __________ नहीं __________
और आराम __________ नहीं __________ ।
वह हमें चैन से __________ नहीं __________ ।
और तो और खाना __________ भी नहीं __________ ।

**(d) Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

आपको क्या लगता है, वह क्या होगा ?

**(e) Wie bildet und verwendet man permissive Verbalkonstruktionen?**

**38.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a)** ***Lass sie doch … !***

| | | | |
|---|---|---|---|
| अकेले बाहर जाना | मॉल जाना | यूरोप घूमना | छोटे कपड़े पहनना |
| मेकअप करना | लड़कों से मिलना | लड़कों से बात करना | टैटू बनवाना |

| | | |
|---|---|---|
| वह | *1. उसे अकेले बाहर जाने दो !* | */ मत जाने दो* |
| दिव्या | *2. उसे अकेले बाहर जाने दीजिए !* | */ मत जाने दीजिए* |
| … | *3. उसे अकेले बाहर जाने दिया जाएगा ।* | |
| वे – मैं | *4. वे मुझे अकेले बाहर जाने (नहीं) देते हैं ।* | |
| वह – हम | *5. उन्होंने मुझे अकेले बाहर जाने (नहीं) दिया ।* | |
| … | *6. वे मुझे अकेले बाहर जाने देंगे । / एक दिन (आएगा, जब) …* | |

**(b)** ***Unsere Eltern ließen uns … .***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मिठाई खाना | धूप में घूमना | नंगे पैर चलना | मोबाइल देखना | देर तक जागना |

1. करने देते थे — *हमारे माँ-बाप हमें मिठाई खाने नहीं देते थे ।*
2. करने देंगे — *हम अपने बच्चों को मिठाई खाने नहीं देंगे ।*
3. करने देना चाहिए — *बच्चों को मिठाई नहीं खाने देना चाहिए ।*

**(c)** ***Er wird uns bestimmt nicht selbst zahlen lassen.***

| | | | |
|---|---|---|---|
| खाने के पैसे देना | पैसे खर्च करना | अपनी बात रखना | साँस लेना |

1. ही — *वह हमें खाने के पैसे देने ही नहीं देगा ।*
2. भी — *वह हमें खाने के पैसे देने भी नहीं देगा ।*
3. तो — *वह हमें खाने के पैसे देने तो नहीं देगा ।*
4. तक — *वह हमें खाने के पैसे देने तक नहीं देगा ।*

### 38.3 *Freitag Abend*

**(a) Fragen für Gespräche**

- आप वीकेंड में क्या करते हैं ?
- क्या आप अपने दोस्तों के साथ कभी फ़िल्म देखने जाते हैं ?

**(b) Lesen Sie den Dialog.**

| | |
|---|---|
| ऋचा | अगले शुक्रवार को हम लोग क्लास के बाद पी.वी.आर. जा रहे हैं। शाहरुख की नई फ़िल्म लगी है। हमारी क्लास से कई लोग जा रहे हैं। तेरा क्या सीन है ? |
| आकाँक्षा | कितने बजे का शो है ? |
| ऋचा | मल्टीप्लैक्स में तो सुबह से लेकर शाम तक फ़िल्में चलती रहती हैं। हमने पहले सोचा, चार बजे का शो देखेंगे। पर उसमें हाउस फ़ुल हो चुका था। अब साढ़े आठ के शो की टिकट ही मिल रही है। आकाश ने कहा है, वह एक साथ सबकी टिकट ले लेगा। |
| आकाँक्षा | मुझे लगता है, मेरे लिए इतनी रात वाले शो में आना मुश्किल होगा। यार, तुझे मेरे घर का पता ही है, मेरे मम्मी-पापा मुझे इतनी रात घर से बाहर निकलने ही नहीं देते हैं। |
| ऋचा | मेरे मॉम-डैड भी वैसे तो मुझे इतनी रात को बाहर निकलने नहीं देते हैं, पर इस बार हम सब साथ जा रहे हैं और आकाश मुझे घर तक छोड़कर आएगा। तो उन्होंने मुझे जाने की परमिशन दे दी। |
| आकाँक्षा | ओके ! फ़ोन करके देखती हूँ। पता नहीं, शायद अलाऊ कर दें ! |
| ऋचा | हाँ, ट्राई करके देख ले। चलेगी तो मज़ा आएगा। |

**(c)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. किसके बीच बातें हो रही हैं ?
2. किस चीज़ पर बातें हो रही हैं ?
3. कौन किसको साथ आने के लिए कह रहा है ?
4. फ़िल्म कहाँ लगेगी ?
5. वे फ़िल्म किस दिन देखना चाहते हैं ? कितने बजे का शो देखना चाहते हैं ?
6. चार बजे के शो में वे क्यों नहीं जा पाएँगे।
7. कितने बजे का शो मिल रहा है ?
8. आकाँक्षा आने के लिए पहले क्यों राज़ी नहीं हुई ?
9. ऋचा को उसके माता-पिता कब बाहर जाने नहीं देते हैं ?
10. इस बार उन्होंने ऋचा को फ़िल्म देखने क्यों जाने दिया ?
11. क्या आकाँक्षा भी साथ चलेगी ?

**(d)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(e)** **Finden Sie englische Lehnwörter und bestimmen Sie diesen Stil.**

**(f)** **Bestimmen Sie die Verbalkonstruktionen und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(g)** **Übersetzen Sie den Dialog.**

**(h)** **Fragen für Gespräche**

- क्या कभी ऐसा कुछ था, जो आपके माँ-बाप ने आपको करने नहीं दिया ?
- क्या ऐसा कुछ है, जो आप अपने बच्चों को कभी नहीं करने देंगे ?

## 38.4 *Lasst sie es machen!*

**(a) Bilden Sie einfache und permissive Verbalkonstruktionen und übersetzen Sie sie. In welchen Zusammenhängen könnten Sie sie verwenden?**

| | | |
|---|---|---|
| Futur: | वे आएँगे<br>*sie werden kommen* | वे आने देंगे<br>*sie werden kommen lassen* |
| Präteritum: | | |
| Präsens: | | |
| präsumptive Gegenwart: | | |

**(b) Bilden Sie die Verbalkonstruktionen um und übersetzen Sie sie.**

1. वे पढ़ते हैं, वे पढ़ेंगे, वे पढ़ते होंगे → permissiv
2. हमने समझा, हम समझेंगे, हमने समझा था → inkohativ
3. वह सोचती है, वह सोचती थी, वह सोचेगी → atelisch
4. वे सीखते हैं, वे सीखते रहेंगे → passiv

**(c) Bilden und übersetzen Sie die folgenden Verbalkonstruktionen im Permissiv.**

1. आना — 3. Sg. m. — Futur, Präteritum, Präsens, Konjunktiv
2. रहना — 1. Sg. f. — Präteritum, Präsens, Konjunktiv, Futur
3. जाना — 2. Pl. m. — imperfektiver Präsumptiv, Plusquamperfekt, Futur

**(d) Finden Sie die Verbalkonstruktionen. Bestimmen und übersetzen Sie sie.**

होनेदियाजाताहैआजानेदियागयाथाकरलेनेदियाजारहाहोगा

**38.5** ***Europareise***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आपने कभी अकेले दूर किसी देश की यात्रा की है ?

**(b)** **Bestimmen Sie diese Verbalkonstruktionen und ergänzen Sie den Text.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कर रहे थे | रहती है | जाने लगी | चाहती थी | जाने दिया जाता है | | |
| समझाया | जाने दिया | रखी | रहीं | रुकीं | घूमते रहते थे | रहेंगे |

आस्था और रिया

1. आस्था लखनऊ में ________ । वह अपने माँ-बाप की इकलौती बेटी है ।
2. पिछले साल वह लखनऊ विश्वविद्यालय ________ ।
3. इन गर्मियों में आस्था अपनी सहेली रिया के साथ यूरोप देखना ________ ।
4. आम तौर पर उनके यहाँ लड़कियों को अकेले घूमने नहीं ________ ।
5. इसके बावजूद दोनों सहेलियों ने अपने घरों में यूरोप जाने की बात ________ ।
6. पहले घरवाले उनको भेजने के लिए मना ________ ,
7. पर जब आस्था और रिया ने अपने घरवालों को बहुत ________ ,
8. तो उन्होंने दोनों लड़कियों को यूरोप ________ ।
9. आस्था और रिया छह हफ़्ते पेरिस और ऐमस्टर्डम में ________ ।
10. वे वहाँ कई अलग-अलग होस्टलों में ________ ।
11. उन्होंने नए दोस्त बनाए और वे सुबह से शाम तक ________ ।
12. ये दिन उन्हें हमेशा याद ________ ।

**(c)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. इस पाठ में किसकी बात हो रही है ?
2. आस्था किस शहर में रहती है ?
3. आस्था के कितने भाई-बहन हैं ?
4. आजकल वह क्या कर रही है ?
5. आस्था की सहेली का क्या नाम है ?
6. दोनों सहेलियाँ गर्मियों में कहाँ जाना चाहती थीं ?
7. क्या उनके माँ-बाप ने उन्हें जाने दिया ?
8. यूरोप में आस्था और रिया का समय कैसा रहा ?